**Regarding alleged land grabbing issues of government land in Jaipur**

श्रीमती मंजू शर्मा **(**जयपुर**) :** सभापति महोदय, धन्यवाद ।

मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । देश में चारागाह की भूमि, वन भूमि, नगरपालिका भूमि, नगर निगम की भूमि, विकास प्राधिकरण की भूमि और अन्य विभागों की भूमियां कब्जाधारियों ने अपने कब्जे में लेकर अनऑथराइज्ड कॉलोनियां काट दी हैं, जिन पर लोगों ने मकान भी बना लिए हैं । मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि देश में ऐसी कितनी भूमि है और राजस्थान की राजधानी जयपुर में इस प्रकार की कितनी भूमि है, जिन पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा करके पट्टे काटकर कॉलोनियां बसा दी हैं । सरकार द्वारा अपनी भूमि को चिह्नित कर अतिक्रमणकारियों से बचाना चाहिए, ताकि वह भूमि जनहित के काम में आ सके और इसमें जो व्यक्ति अपने जीवन भर की पूंजी लगाकर अपना मकान खरीदते हैं, जमीन खरीदते हैं, इससे उनको बचाया जा सके, क्योंकि बाद में बहुत परेशानियां आती हैं ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि राज्य की भूमि हो या केंद्र की भूमि हो, सरकार को अपने संरक्षण में लेनी चाहिए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** डॉ. रानी श्रीकुमार ।